आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 20.02.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :—

- भारत और अमरीका ने आज नई दिल्ली में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में पैक्स सिलिका घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए।
- निर्वाचन आयोग ने उत्तराखंड सहित 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को एसआईआर से संबंधित तैयारियों को पूरा करने के निर्देश दिये।
- वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कार्बेट टाइगर रिजर्व के धनगढ़ी गेट पर नवस्थापित सौविनियर सेंटर का उद्घाटन किया।
- और, मुख्य सचिव ने राज्य में टैक्स प्रणाली को अधिक तार्किक, पारदर्शी और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट–2026

भारत और अमरीका ने आज नई दिल्ली में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में पैक्स सिलिका घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए। यह घोषणापत्र महत्वपूर्ण खनिजों और सेमीकंडक्टर के उत्पादन तथा तेजी से विकसित हो रहे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करेगा। इससे सुरक्षित और मजबूत वैश्विक सिलिकॉन और प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण हो सकेगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट–2026 में व्यापार जगत के शीर्ष प्रतिनिधियों के साथ गोलमेज सम्मेलन की अध्यक्षता की। उन्होंने इस दौरान हुई चर्चाओं को ज्ञानवर्धक और दूरदर्शी बताते हुए कहा कि इसमें जिम्मेदारी के साथ एआई के विस्तार, वैश्विक सहयोग की मजबूती और विकास के अवसरों को खोलने पर विशेष जोर दिया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मानव प्रगति और सतत विकास के लिए एआई का उपयोग करने की साझा प्रतिबद्धता को देखकर खुशी हुई।

एसआईआर

निर्वाचन आयोग ने उत्तराखंड सहित 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण– एसआईआर से संबंधित तैयारियों को पूरा करने का निर्देश दिया है।

निर्वाचन आयोग ने 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर से संबंधित तैयारियों को पूरा करने का निर्देश दिया है। आयोग ने इन राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों से प्रारंभिक कार्यों को पूरा करने को कहा है। आयोग ने कहा कि वर्तमान में उत्तराखंड सहित 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर का काम चल रहा है।

मंत्री का वृद्धाश्रम दौरा

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने कहा है कि सरकार जल्द ही 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए एक समग्र योजना लाएगी। साथ ही वृद्धाश्रमों में रह रही माताओं को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। श्रीमती आर्या ने देहरादून स्थित प्रेम धाम और अम्बीवाला स्थित मां गौरी ओल्ड एज होम में महिलाओं से मुलाकात की और उनकी समस्याओं व जरूरतों को जाना। मुलाकात के दौरान महिलाओं ने बताया कि वृद्धावस्था के कारण उन्हें बार–बार चिकित्सा सुविधा की आवश्यकता पड़ती है, लेकिन अस्पताल आने–जाने में सहयोग की कमी रहती है। इस पर मंत्री ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

वनाग्नि तैयारी समीक्षा

वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कार्बेट टाइगर रिजर्व के धनगढ़ी गेट पर नवस्थापित सौविनियर सेंटर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्रीष्मकाल को दृष्टिगत रखते हुए वनाग्नि सुरक्षा की तैयारियों की समीक्षा भी की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वनाग्नि की रोकथाम को सतर्कता बढ़ाई जाए, त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली को और प्रभावी बनाया जाए और जनसहभागिता सुनिश्चित की जाए।

राजस्व प्राप्तियों की समीक्षा

मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में राज्य की राजस्व प्राप्तियों की वर्तमान स्थिति और आगामी लक्ष्यों के आकलन के संबंध में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मुख्य सचिव ने प्रदेश में टैक्स प्रणाली को अधिक तार्किक, पारदर्शी और प्रभावी बनाने पर जोर दिया। राज्य की वित्तीय सुदृढ़ता के लिए राजस्व संग्रहण में गुणात्मक सुधार अनिवार्य है। एसजीएसटी के अंतर्गत राजस्व प्राप्ति की संभावनाओं पर उन्होंने वित्तीय वर्ष 2026—27 के लिए 20 हजार करोड़ रुपये का लक्ष्य निर्धारित करने को कहा। मुख्य सचिव ने कहा कि जो व्यवसाय टैक्स की परिधि में आते हैं, उन्हें चिन्हित कर कराधान के दायरे में लाया जाए।

राष्ट्रीय आयुष मिशन

हरिद्वार में राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत बहादराबाद क्षेत्र स्थित जिला आयुर्वेदिक हॉस्पिटल को शार्क कर्म स्पेशलिटी हॉस्पिटल के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय जनता को किफायती और प्रभावी आयुर्वेदिक उपचार उपलब्ध कराना है। जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. स्वास्तिक जैन ने आकाशवाणी से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत उत्तराखंड के प्रत्येक जिले में एक—एक विशेषज्ञ आयुष केंद्र स्थापित किया जाना है।

जनजातीय समागम

चमोली जिले के बेडूबगड़ में तीन दिवसीय जनजातीय समागम का आयोजन किया गया। भोटिया पड़ाव बेडूबगड़ में आयोजित इस समागम में पारंपरिक परिधानों के साथ उत्तराखंड की समृद्ध जनजातीय संस्कृति की झलक देखने को मिली। समिति के अध्यक्ष हरीश परमार ने बताया कि इस समागम का उद्देश्य जनजातीय समुदाय को संगठित करना, अपनी सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण करना तथा समुदाय से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए एक साझा मंच उपलब्ध कराना है।